

Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

## Hindi Passage Quiz 1

**दिशानिर्देश: निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दें:**

कोरोना से लड़ाई में न्यूजीलैंड की कामयाबी जितनी सुखद है, उससे कहीं ज्यादा अनुकरणीय है। लगभग एक महीने से वहां संक्रमण का एक भी नया मामला सामने नहीं आना और एकमात्र सक्रिय मरीज का ठीक हो जाना पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है, तो कोई आश्चर्य नहीं। न्यूजीलैंड और उसकी प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न की तारीफ करते हुए दुनिया के तमाम देशों को देखना चाहिए कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई कैसे सफलतापूर्वक लड़ी जा सकती है। जैसे ही न्यूजीलैंड में कोरोना के मामले 100 तक पहुंचे थे, वहां पूरी कड़ाई से लॉकडाउन लगाया गया था। लोगों ने भी घर से निकलना उचित नहीं समझा, सरकार की अपील और दिशा-निर्देशों की पालना में सबने खुद को समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री जेसिंडा ने शुरू में ही कह दिया था, हमारे पास कुछ करने का मौका है। आइए, वायरस के खिलाफ कुछ ऐसा करें, जो कोई देश नहीं कर पाया है। जेसिंडा पहले ही अपने लोगों का विश्वास जीत चुकी है, तो लोगों ने भी पूरे प्रयास से उस विश्वास को मजबूती दी। जब कोरोना का आखिरी मरीज भी ठीक हो गया, तब प्रधानमंत्री ने अनायास नृत्य किया और देश से भी अपनी खुशी साझा की। यह उस देश के लिए वाकई उत्सव का समय है। यदि अब कोरोना संक्रमण बाहर से नहीं आता तो यह न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ी खुशखबरी है, और न्यूजीलैंड को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। जाहिर है, वहां है। दुनिया के लिए यह सीख का विषय है कि न्यूजीलैंड ने ऐसा कैसे कर दिखाया। अव्वल तो कड़ाई से लागू किया गया लॉकडाउन पहला कारण है, जिसकी हम चर्चा कर चुके हैं।

दूसरा सबसे बड़ा कारण है, कोरोना की जांच में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना। औसतन प्रति एक लाख व्यक्तियों में से करीब 2,200 की कोरोना जांच की गई है। इतनी जांच तो अमेरिका भी नहीं कर रहा है। अमेरिका में जांच दर प्रति लाख पर 1,420 के करीब है। भारत की बात करें, तो प्रति दस लाख पर करीब 200 जांच की दर है। मोटे तौर पर न्यूजीलैंड में भारत की तुलना में 11 गुना ज्यादा जांच दर रही है। नतीजा सामने है। न्यूजीलैंड अपने यहां कुल मामलों को 1,504 पर रोक पाया और यदि वहां केवल 22 लोगों की मौत हुई, तो इसका सबसे ज्यादा श्रेय वहां हुई अधिकतम कोरोना जांच को ही दिया जाएगा। फैले संक्रमण की पूरी चौकसी करते हुए जांच की गई, मरीजों को आशंका के आधार पर क्वारंटीन किया गया और वायरस की कड़ी जगह-जगह पूरी कड़ाई से तोड़ दी गई। लोगों ने भी सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभाया और वहां सात सप्ताह के कड़े लॉकडाउन में ही कोरोना से मुक्ति मिल गई। वह आज मिसाल है। क्या बड़ी से बड़ी आबादी वाले देश अपने यहां छोटे-छोटे न्यूजीलैंड बनाकर कोरोना को मात दे सकते हैं? इस पर विचार और व्यवहार की जरूरत है। कोरोना को लेकर कुछ प्रचलित धारणाएं भी टूटी हैं। एक धारणा यह है कि संक्रमण जब एक निश्चित मुकाम पर पहुंचेगा, तभी उसमें गिरावट आएगी, लेकिन न्यूजीलैंड ने इस धारणा को धता बता दिया है। न्यूजीलैंड ने इस भ्रम को भी तोड़ दिया कि किसी लोकतांत्रिक देश में कोरोना से लड़ाई आसान नहीं है। वाम-शासित चीन ही नहीं, अब लोकतांत्रिक न्यूजीलैंड भी है, जो चौतरफा लड़ती दुनिया के लिए तब तक प्रेरणास्त्रोत रहेगा, जब तक कोरोना है। इस देश में कोरोना का अंत पूरी दुनिया कर सकती है।

**1. सर्वाधिक कोरोन जाँच दर किस देश मे दर्ज की गयी?**

A. अमेरिका B. रुस C. भारत
D. न्यूज़ीलैंड E. चीन

**2. कोरोना को मात दे कर न्यूज़ीलैंड ने किन धारणाओं को तोडा?**

A. संक्रमण जब एक निश्चित स्थान पर पहुंच जाएगा तब ही उसमे गिरावट आएगी।
B. किसी लोकतांत्रिक देश में कोरोना से लड़ाई आसान नहीं है।
C. A और B दोनों
D. प्रजातांत्रिक देशो में कोरोना को आसानी से मात दिया जा सकता है।
E. इनमे से कोई नहीं।

**3. किसी देश की सरकार के कोरोना के विरुद्ध कुशल निर्णय कब तक सफल नहीं हो सकता?**

A. कोरोना समाप्त ना हो जाये
B. लोग कानून को ना माने
C. लोग कानून का सख्ती से पालन करे
D. मास्क ओर सेनिटाइज़र का उपयोग करें
E. A और D दोनों

**4. ऐसा कौन-सा महत्वपुर्ण निर्णय है जो की कोरोना के रोकथाम के लिये काफी कारगर साबित हुआ?**

A. मास्क और सेनिटाइज़र वितरण से
B. सेल्फ आइसोलेसन के वजह से
C. अधिक से अधिक कोरोना जाँच से
D. खुली हवा मे साँस लेने से
E. A और C दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**5. "जो अनुकरण करने योग्य हो" वाक्यांश के लिये एक शब्द क्या है?**

A. अव्करणीय B. अनुसरणीय C. अनुकरनीय
D. अनुकरणीय E. C और D दोनों

**6. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों में "समाप्ति" का पर्यायवाची कौन-सा नहीं है?**

A. इति B. इतिश्री C. समग्र
D. अवसान E. C और D दोनों

**7. निम्नलिखित दिये गये वाक्यों में कौन-सा वाक्य सही है?**

A. कोरोना की लेकर प्रचलित धारणायें भी टूटी है
B. कोरोन को लेकर कुछ प्रचलित धारणायें भी टूटी है
C. कोरोना का लेकर कुछ प्रचलित धारणायें भी टूटी है
D. कोरोना को लेकर कुछ प्रचलित धारणायें भी टूटी है
E. इनमे से कोई नहीं

**8. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "उज्ज्वल" का सन्धि विच्छेद क्या होगा?**

A. ऊ + ज्वल

B. उज + ज्वल

C. उज + ज्ज्वल

D. उत् + ज्वल

E. A और D दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| D | C | C | C | D | C | D | D |

**Explanation:**

1. दिए गए गद्यांश के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि "न्यूज़ीलैंड" की जाँच दर विश्व के समस्त देशो में सर्वाधिक है।

   अतः विकल्प D इसका सही चयन है।

2. "कोरोना को लेकर कुछ प्रचलित धारणाएं भी टूटी हैं। ...." उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात न्यूज़ीलैंड ने संक्रमण जब एक निश्चित स्थान पर पहुंच जाएगा तब ही उसमे गिरावट आएगी, तथा किसी लोकतांत्रिक देश में कोरोना से लड़ाई आसान नहीं है। इन दोनों धारणाओं को तोडा।

   अतः विकल्प C इसका सही चयन है।

3. "लोगों ने भी सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभाया। ...." उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कोरोना के विरुद्ध कुशल निर्णय में आम लोगो का साथ और उनका सहयोग बहुत जरुरी है।

   अतः विकल्प C इसका सही चयन है।

4. उपरोक्त गद्यांश के अध्ययन से यह ज्ञात होता है की न्यूज़ीलैंड की कोरोना से विजय में सबसे महत्वपूर्ण कदम ज्यादा से ज्यादा कोरोना जाँच रही। विश्व के विकसित देशो की तुलना में भी न्यूज़ीलैंड ने प्रति दस लाख सबसे ज्यादा कोरोना जाँच किये। अतः हम यह कह सकते है की न्यूज़ीलैंड की कोरोना फ्री होने में अधिक से अधिक जाँच का बहुत योगदान रहा।

   अतः विकल्प C इसका सही चयन है।

5. वाक्यांश "जो अनुकरण करने योग्य हो" उसे "अनुकरणीय" कहते है।

   अतः विकल्प D सही चयन है।

6. दिए गए विकल्पों में "इति, इतिश्री, तथा अवसान" इन सभी शब्दों का अर्थ "समाप्ति" तथा अंत है। जबकि "समग्र" का अर्थ "विस्तृत" या "परिपूर्ण" है।

   अतः विकल्प C इसका सही चयन है।

7. उपरोक्त दिए गए सारे वाक्यों के अध्ययन के उपरांत हमे यह ज्ञात होता है कि दिए गए सभी वाक्यों में विकल्प D एक शुद्ध वाक्य अर्थात त्रुटिरहित वाक्य है।

   अतः विकल्प D इसका सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

**8.** व्यंजन का व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं। जैसे: शरत् + चंद्र = शरच्चंद्र होता है उसी प्रकार "उज्जवल" शब्द का संधि विच्छेद "उत् + ज्वल" होगा।

अतः विकल्प D सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW